वेबसाईट पर जारी करने की तिथि 11.11.2014

नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना

द्वितीय परीक्षा, 2014 के आयोजन के सम्बन्ध में सूचना

नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के I.A./I.Sc./I.Com पार्ट-। एवं पार्ट- ।। तथा B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA के पार्ट-।, पार्ट- ।। एवं पार्ट- ।।। (BBA तथा B.A. Education, Part-III को छोड़कर) के वैसे विद्यार्थीगण जो वर्ष 2014 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित हुये थे, परन्तु अनुत्तीर्ण हो गये हैं, उनके लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन दिनांक **01.12.2014** से किया जायेगा । नालन्दा खुला विश्वविद्यालय परीक्षा नियमावली के अनुसार **अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निम्न रूप में परीक्षा देनी होगीः-**

1. B.A./B.Sc./B.Com/BCA/BBA के वैसे विद्यार्थिगण जो मात्र तीन या उससे कम पत्रों की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुये है, उन्हें मात्र उन्ही पत्रों की परीक्षा देनी होगी जिसमें वे अनुत्तीर्ण हुये हैं । परन्तु, तीन से ज्यादा पत्रों में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को सभी पत्रों की परीक्षा देनी होगी ।

2. Intermediate Courses के अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को सभी पत्रों की परीक्षा देनी होगी ।

द्वितीय परीक्षा, 2014 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को विहित प्रपत्र में आवेदन जमा करना होगा । विहित आवेदन पत्र, 1000/- रूपये मात्र (परीक्षा शुल्क) के बैंक ड्राफ्ट, जो नालन्दा खुला विश्वविद्यालय के नाम देय हो, को हाथो-हाथ जमा कर, दिनांक **13.11.2014 से 28.11.2014** के बीच में नालन्दा खुला विश्वविद्यालय मुख्यालय से प्राप्त एवं जमा किया जा सकता है । आवेदन-पत्र डाक के माध्यम से न तो प्राप्त किया जा सकता है और न ही जमा किया जा सकता है । विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड, परीक्षा फार्म जमा करने के दिन ही उपलब्ध करा दिया जायेगा । परीक्षा फार्म जमा करते समय परीक्षा फार्म के साथ वर्ष 2014 की मुख्य परीक्षा का अंकपत्र एवं प्रवेश पत्र (Admit Card) की छायाप्रति संलग्न करना अति आवश्यक होगा । इन दोनों प्रपत्रों की कमी होने पर परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

माननीय कुलपति के आदेश से,

संयुक्त कुलसचिव